आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.01.2025 समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि खिलौना बनाने के क्षेत्र में हुई प्रगति ने देश की परंपराओं और उद्यमिता को लोकप्रिय बनाया।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस पर श्री विजयपुरम में पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा।
- दिव्यांगजनों के कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण के लिए ''निरामया'' नामक स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की गई।
- द्वीपों के पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने जी बी पंत अस्पताल में मरीजों को लाने–ले जाने के लिए बैटरी से चलने वाले यात्री वाहन की करी मांग।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि खिलौना बनाने के क्षेत्र में प्रगति ने सरकार के आत्मनिर्भरता के प्रयासों को बढ़ावा देने के साथ–साथ देश की परंपराओं और उद्यमिता को भी लोकप्रिय बनाया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मन की बात अपडेट्स द्वारा साझा की गई एक पोस्ट का जवाब देते हुए, श्री मोदी ने कहा कि इस कार्यक्रम के एक एपिसोड में उन्होंने देश में सामूहिक प्रयासों से खिलौनें बनाने की परंपरा को बढ़ावा देने के लिए कहा था।

<><><><><><><>

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने सदस्यों का प्रोफाइल अद्यतन करने की ऑनलाइन प्रक्रिया आसान कर दी है। आधार से अभिप्रमाणित खाता संख्या वाले सदस्य अपनी संबंधित जानकारी अपडेट कर सकते हैं। इसके लिए अब दस्तावेज अपलोड करने की आवश्यकता नहीं होगी। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने बताया है कि इस संशोधन से तात्कालिक रूप से तीन लाख नौ हजार ऐसे सदस्यों को फायदा होगा, जिनके अनुरोध विभिन्न चरणों में संशोधन के लिए लंबित हैं। मंत्रालय ने बताया है कि संगठन के डेटाबेस में सदस्यों की व्यक्तिगत जानकारी की प्रमाणिकता अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इससे उन्हें निर्बाध सेवा उपलब्ध

कराना सुनिश्चित होगा। एक अक्तूबर दो हजार सत्रह से पहले दिये गए खाता संख्या के मामले में डेटा अद्यतन के लिए नियोक्ता के प्रमाणन की ज़रूरत होगी।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस पर श्री विजयपुरम में पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। तेईस जनवरी को होने वाले पदयात्रा के संबंध में खेल सचिव एल कुमार ने कहा कि पदयात्रा सुबह आठ बजे फ्लैग प्वाइंट से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए नेताजी स्टेडियम में सम्पन्न होगी। इसमें भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों से सुबह साढ़े सात बजे तक फ्लैग प्वाइंट पर उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में स्वराज द्वीप के कृष्णा नगर में बावनवें सुभाष मेला का आयोजन किया जाएगा। उनतीस जनवरी तक चलने वाले मेले के लिए मेला समिति का गठन भी किया गया है। मेला परिसर में अपनी स्टॉल लगाने के इच्छुक दुकानदार सचिव सुशांत बिश्वास को आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति ने हाल ही में अपशिष्ट प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और एकल उपयोग प्लास्टिक के पर्यावरणीय खतरों पर एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। मध्योत्तर अंडमान के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, डिगलीपुर और सुभाषग्राम में कार्यक्रम आयोजित किए गए। समिति की कनिष्ठ सहायक वैज्ञानिक पाव्या ने प्रदूषण को रोकने के लिए प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा की गई पहलों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों द्वारा औद्योगिक इकाइयों की निगरानी पर चर्चा की। कार्यक्रम में प्रत्येक स्कूल के सत्तर से अधिक छात्रों के साथ संवाद सत्र आयोजित हुए। पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं और सतत विकास लक्ष्यों को अपनाने पर बढ़ावा देने के लिए छात्रों को कपड़े के बैग, पैम्फलेट और पोस्टर वितरित किए गए। इसके अलावा डिगलीपुर के राम नगर गांव में पचास कपड़ों के बैग वितरित किए गए, ताकि एकल उपयोग होने वाले प्लास्टिक और पर्यावरण पर इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाई जा सके।

<><><><><><><>

सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में दिव्यांगजनों के कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण के लिए सी आर सी के सहयोग से ''निरामया'' नामक स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत सालाना एक लाख का स्वास्थ्य बीमा किया जा रहा है। समग्र क्षेत्रीय केन्द्र में व्याख्याता आबिद ने आकाशवाणी को बताया कि यह योजना दिव्यांगजनों के लिए लाभदायक है।

<><><><><><><>

विशेष राष्ट्रीय एकता शिविर के तहत एन सी सी कैडेटों ने आज सुभाष चंद्र बोस द्वीप और नॉर्थ बे द्वीप का दौरा किया। सुभाष चंद्र बोस द्वीप के दौरे के दौरान कैडेटों ने ब्रिटिश औपनिवेशिक वास्तुकला के अवशेषों और भारत के स्वतंत्रता–पूर्व तथा स्वतंत्रता–पश्चात के इतिहास के बारे में जानकारी हासिल की। कैडेटों ने नॉर्थ बे का भी दौरा किया, जो अपनी जीवंत कोरल्स और परिदृश्यों के लिए प्रसिद्ध है। स्वतंत्र इन्फैंट्री कंपनी एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पंकज मोदगिल ने कैडेटों का मार्गदर्शन किया और महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने जी बी पंत अस्पताल में मरीजों को लाने–ले जाने के लिए बैटरी से चलने वाले यात्री वाहन की मांग की है। प्रशासन के मुख्य सचिव को लिखे पत्र में उन्होंने मरीजों को अनिम्स बस स्टॉप से जी बी पंत अस्पताल के प्रवेश द्वार तक पहुंचने और अस्पताल से बस स्टॉप तक वापस लाने में सहायता के लिए बैटरी से चलने वाले यात्री वाहन–बग्गी उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। इस पहल का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों, गर्भवती महिलाओं, बच्चों और शारीरिक रूप से विकलांग लोगों सहित अन्य मरीजों के लिए अस्पताल की पहुंच में सुधार करना है।

<><><><><><><>

सहायक आयुक्त कैम्पबेल बे के निर्देशानुसार पशु चिकित्सालय ग्रेट निकोबार द्वीपसमूह की सभी पंचायतों और गांवों में मवेशियों और पालतू कुत्तों की सामूहिक बधियाकरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कुत्तों के लिए पच्चीस जनवरी से बाईस फरवरी तक अलग–अलग समय और गांवों के अनुसार कार्यक्रम चलाया जाएगा। मवेशियों के लिए यह कार्यक्रम बाईस जनवरी से छब्बीस फरवरी तक संचालित किया जाएगा।

<><><><><><><>

श्री वीर हनुमान मंदिर ट्रस्ट की ओर से "वैष्णव रत्न" द्वारा "सूर्यकांत पाठ" और "हनुमान प्रभावम" प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। पाठ कल सुबह सात बजे से श्री वीर हनुमान मंदिर, अबरडीन बाज़ार में आयोजित होगा।

<><><><><><><>

डीब्रेट में शारीरिक प्रशिक्षण प्रशिक्षक के पद के लिए कल होने वाली कौशल परीक्षा प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दी गई है। परीक्षा की नई तिथि जल्द ही सूचित की जाएगी।

<><><><><><><>

विभिन्न इंजीनियरिंग एवं गैर–इंजीनियरिंग ट्रेडों के लिए शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत वार्षिक पैटर्न के ट्रेड प्रैक्टिकल एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग विषयों के लिए पूरक अभ्यार्थियों के लिए अखिल भारतीय ट्रेड टेस्ट का समय सारणी जारी हो गया है। यह पूरक परीक्षा प्रवेश वर्ष दो हजार उन्नीस के प्रशिक्षुओं तथा प्रवेश वर्ष दो हजार बीस तथा उसके बाद के सभी प्रशिक्षुओं के लिए पात्र होगी। प्रायोगिक परीक्षा के लिए परीक्षा सत्ताईस जनवरी से छः फरवरी तक चलेंगी। परीक्षा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डॉलीगंज, राजकीय व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, बकुलतला एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, आरोंग में आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>